दिनांक: 27.03.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव में पहले चरण की सीटों के लिए नामांकन आज दोपहर तीन बजे तक ही दाखिल किये जा सकते हैं। प्रदेश में पहले चरण में 12 सीटों पर मतदान होगा। आज बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। आज नामांकन दाखिल करने वाले चर्चित चेहरों में भूपेन्द्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, मंजू शर्मा, प्रताप सिंह खाचरियावास, गोविंद राम मेघवाल और भजनलाल जाटव शामिल रहे। जयपुर शहर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की मौजूदगी में नामांकन पेश किया। उन्होंने श्रीमती शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को भी संबोधित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री अलवर से प्रत्याशी भूपेन्द्र यादव की नामांकन रैली में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेम चंद बैरवा भी मौजूद रहे।
पहले चरण के नामांकन पत्रों की कल जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।
लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 89 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। प्रदेश में दूसरे चरण में 13 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

....

प्रदेश में अब 53 हजार 126 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने 275 सहायक मतदान केन्द्रों का अनुमोदन किया है। पहले चरण में 1 हजार 95 सहायक मतदान केन्द्रों सहित प्रदेश में अब कुल 1 हजार 370 सहायक मतदान केंद्र होंगे। सहायक मतदान केन्द्र उन स्थानों पर बनाए जाएंगे, जहां मतदाताओं की संख्या 1 हजार 450 से ज्यादा है। ये बूथ मूल मतदान केन्द्रों के साथ उसी भवन में बनाए जाएंगे। जिससे वोट डालने के लिए लोगों को अधिक समय तक कतार में खड़े रहने की जरूरत नहीं रहेगी।

....

पत्र सूचना ब्यूरो ने आम चुनाव की रिपोर्टिंग करने वाले मीडियाकर्मियों के लिए विशेष वेबसाइट शुरू की है। इसमें एक डिजिटल फ्लिप बुक की विशेषताएं और कई लिंक हैं। इससे मीडियाकर्मियों को नए अपडेट्स और प्रामाणिक विश्लेषण मिल सकेगा।

....

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सदानंद वसंत दाते को राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। श्री दाते 1990 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते–एटीएस के प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय ने कहा है कैबिनेट की एक समिति ने 31 दिसंबर, 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति तक के लिए ये नियुक्ति की है।

....

नगर निगम जयपुर हैरिटेज में अगले दो महीनों में कचरा डिपो खत्म किये जाएंगे और बीट व्यवस्था लागू होगी। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ये जानकारी एक समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए स्वंय सहायता समूहों को भी जोड़ा जाएगा।

....

प्रदेश में गरमी के मौसम में पीने की पानी की समस्या के जल्द निपटारे के लिए राज्य और जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। इनकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने एक बैठक कर अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कामों में तेज़ी लाने और गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिये।

....

राज्य में गर्मी का असर बढ़ गया है। कल चार शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। फलौदी में पारा 41 दशमलव 2 डिग्री रहा। वहीं बाड़मेर में 40 दशमलव 5, जैसलमेर में 40 दशमलव 2 और जालौर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।
इस बीच, चूरू में कल देर रात कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। उधर, हनुमानगढ़ में आज सुबह गरज के साथ हल्की बारिश हुई।
मौसम विभाग ने आज कुछ जगह अधिकतम तापमान में बढोतरी की संभावना जताई है। वहीं एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से अगले दो दिनों में बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

....

आज विश्व रंगमंच दिवस है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर नाटकों का मंचन होगा। जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में ''चित्रलेखा'' नाट्य प्रस्तुति होगी।

....